

**अभिनन्दन,**

मुझे बार—बार पूछे जानेवाले प्रश्नों में से एक है, अयाजकवर्ग जो कि मूल समुदायों से दूर चले गए हैं और जानना चाहते हैं कि कैसे इस नई एम.एल.सी. की स्थापना की जाए, जहाँ कोई मरियानिष्ट अयाजकवर्ग न हो।

तो इस महीने हमारे अतिथि योगदानकर्ता सेंट लुइस, मिसौरी से जीनत पेंस हैं। उसने अपने घर की पारिश में कई लघु विश्वासी समुदायों के लिए "मरियन चर्च समूह" शुरू किया है। वह पाती है कि एक आर्दश और मार्गदर्शक के रूप में माँ मरिया की शक्ति से दूसरों को परिचित कराने का एक उपाय है।

जीनत से मेरा वार्तालाप इस प्रकार है। हमें उम्मीद है कि यह आप सबको उसका यह विचार प्रेरित करेगा जहाँ अन्य मरियानिष्ट परिवारों की मौजूदगी है।

कभी—कभी एक छोटे बीज की तरह हम भी पूर्ण एम.एल.सी. में विकसित हो जाएगें! मरियम आध्यात्मिक परिवार में एक—दूसरे को आमंत्रित करने का एक तरीका होगा!

**आप सभों को आशिष मिलें,**

**मार्सेता**

मार्सेता फ्लेमिंग रेली
अमेरिका, एशिया, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्षेत्रीय जिम्मेदार



# मरियम के आसपास एक समुदाय कैसे शुरू करें

एक मुलाकात
जीनत पेंस,
अयाजक मरियानिष्ट से सेंट लुईस एम0ओ0 ,

**जीनत, मरियानिष्ट परिवार के लिए आपका मार्ग क्या था?**
मैं एक काथलिक परिवार में अपने माता—पिता के देखभाल में पली बढ़ी। परिवार एक पवित्र परिवार के जैसा था। माता मरियम के विशेष आदर भक्ति और माता कलीसिया के प्रति विश्वास बड़ा था।



मेरे पति, जेरी (दाएं) और मेरे तीन बेटे जो सेंट लुइस, मिसौरी में कैथोलिक स्कूलों में पढ चुके हैं। 2010 में हमारे दो बेटों ने अपने हाई स्कूल सेंट जॉन वियानी से मरियानिष्ट अवार्ड मिला। हम पहले माता–पिता थे, जिनके दो बेटों को एक ही दिन यह विशेष पुरस्कार मिला। यह हमारे मरयानिष्ट विश्वास और करिश्मा में आगे बढ़ने में बल मिला उस अनुभव से मेरी गहरी इच्छा महसूस हुई कि इस मरियानिष्ट करिश्म को और अधिक लोगों और घरों तक फैलाया जाना चाहिए।

**करिश्म फैलाने में आपका पहला कदम क्या हैं?**

मैंनें कैम्पस मंत्री मेरी के फिट्जपैट्रिक से बात की और उन्होंने Fr. Al McMenany, SM से सम्पर्क कराया, Vianney नामक स्थान में एक छोटे से विश्वास समुदाय को शुरू करने के बारे में बताया। हमने Vianney के माता–पिता और पूर्व छात्र–छात्रों को हमारे साथ आने के लिए आमंत्रित किया और तब से, दो मरियानिष्ट अयाजक समुदायों का गठन किया गया।

इसमें मुझे ''मरियन चर्च समदाय'' बनाने तथा उसक मार्गदर्शक करने का एक जुनून मिला। यह समुदाय साझा करता है, सिखाता है और हमारी धन्य माँ के साथ एक समृद्ध संबंध विकसित करता है। यह उसके गुणों, उसके पुत्र के साथ उसकी एकता और हममें से प्रत्येक के साथ–साथ ईश्वर के प्रति उसके प्यार का प्रकाश डालता है। रोजरी प्रार्थना के साथ हमारे जीवन में आगे बढ़ने में मदद करता है।

**आपने इन मरियन चर्च समूदाय की स्थापना कैसे की?**

सर्वप्रथम मैंने फादर से संपर्क किया और पूछा क्या हम अपने पल्ली में मरियन चर्च समूदाय शुरू कर सकते हैं? उन्होंने दो समूहों का सुझाव दिया– पहला.....ग्रुप शाम के लिए और दुसरा ग्रुप युवा माताओं के लिए जो सुबह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद भाग ले सकते हैं। अब हमारी पारिश में दो सम्पन्न मरियन चर्च समूदाय हैं। हमारा उद्देश्य है कि हम अपने–अपने घरों में अच्छा जीवन जीने के लिए माँ मरियम की मदद से जी सकेंगे।

माँ मरिया पर केन्द्रित यह छोटे समुदाय अपने विश्वास को साझा करके माँ मरियम के बारे और अधिक ज्ञान हासिल करते हैं। पोप बेनेडिक्ट सोलहवें बहुत ही सुंदर ढ़ग से कहा है, ''जो कुछ भी कलीसिया में माँ मरिया के बारे कहा गया है सब सच और सही हैः माँ मरियम अपने आप में क्या है वह कलीसिया समझती है। माँ मरियम कलीसिया की दर्पण है। उसके अस्तित्व का निर्दोष प्रमाण है.......''

**मरियन चर्च समुदायों के लिए आप किस प्रकार की सामग्रियों का उपयोग करते हैं?**

पल्ली समुदाय में मरियन चर्च समूहों को शुरू करने के लिए कुछ बेहतरीन विकल्प हैं। Quentin Hackenwerth S.M द्वारा येशु के गुण, एक अच्छी किताब है। यह माँ मरिया की आंखों के माध्यम से पाठकों को येशु के गुणों को जानने में मदद करता है। माँ मरियम, मरियम और पवित्र बाइबल, संत ऑगस्टाइन इंस्टीटयूट के माध्यम से ब्रैंट पिट्रे का एक वीडियो, एक अच्छा शुरूआत करने का साधन हैं। जब पूर्ण रूप से पवित्र धर्मग्रन्थ में देखा जाए तो यह वीडियो ''माता मरियम के जीवनी को दर्शाता हैं.........''

## उन लोगों के लिए आपकी क्या सलाह है जो अपने पल्ली में एक मरियनवादी छोटे विश्वास समुदाय को शुरू करना चाहते हैं?

धन्य विलियम जोसेफ शामिनाड छोटे–छोटे विश्वासी समुदायों के लिए बहुत काम किए, जो माता मरियम के प्रति श्रद्धा–भक्ति रखते थे। विभिन्न पारिशों में जो इस प्रकार के छोटे–छोटे समुदाय अस्तित्व में था मरियम चर्च समूह का परिचय कराया। यह मरियन चर्च समुदाय MLC के समान नहीं हैं। मरियन चर्च समुदाय के लोगों के लिए यह पहला कदम है जो माँ मरियम की विशेष कृपाए कलीसिया के लिए हैं उनको जानते है और समय के साथ–साथ मरियन चर्च समुदाय एक पूर्ण एम.एल.सी के रूप में शुरू कर करते हैं।

**मैं प्रार्थना करती हूँ कि यह मरियन चर्च समूह विश्व में मरियम के साथ हाथ से हाथ मिलाकर जुड़े रहने में मदद करे!**

**अधिक जानकारी के लिए**

पल्ली में मरियम चर्च समुदाय बनाना

कृपया **जीनत पेंस** से संपर्क करें

(jeanettepence1@gmail.com)